# बढ़ रही डॉग बाइट की घटनाएं, 15 दिनों में 2039 लोगों पर किया हमला

- रालामंडल में 11 साल के बच्चे को काटा
- बाणगंगा में डेढ़ साल के मासूम पर मारा झपट्टा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में डॉग बाइट की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं. पिछले 15 दिनों में ही कुत्तों के काटने के 2039 मामले सामने आए हैं. वहीं, पालतू कुत्तों के हमले की दो अलग-अलग घटनाओं में दो मासूम बच्चे घायल हो गए. रालामंडल और बाणगंगा क्षेत्र में हुई इन घटनाओं के बाद पुलिस ने संबंधित कुत्तों के मालिकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**




पहली घटना तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के रालामंडल काकड़ स्थित हनुमान मोहल्ला की है. थाना प्रभारी देवेन्द्र मरकाम ने बताया कि यहां रहने वाले 11 वर्षीय शुभम सोलंकी को रविवार को पड़ोसी सुनील कटारे के पालतू कुत्ते ने काट लिया. परिजनों का आरोप है कि कुत्ते को बच्चे की ओर छोड़ दिया, जिसके बाद लाल-भूरे रंग के कुत्ते ने शुभम की कमर पर झपट्टा मारकर काट लिया. घायल बच्चे को परिजन अस्पताल लेकर गए, जहां उसका इलाज हुआ.

इसी तरह की दूसरी घटना बाणगंगा थाना क्षेत्र के विशाल नगर में हुई. यहां डेढ़ साल का आरव पालतू कुत्ते के हमले में घायल हो गया. बच्चे की मां भारती कश्यप ने पुलिस को बताया कि सुबह करीब साढ़े 11 बजे आरव घर के आंगन में खेल रहा था, तभी सामने रहने वाले मनोज परिहार का पालतू कुत्ता खुला घूमते हुए घर के सामने पहुंचा और अचानक बच्चे पर झपट पड़ा. कुत्ते ने उसके कान और गाल पर काट लिया तथा सीने पर पंजा मार दिया. बच्चे के रोने की आवाज सुनकर परिजन बाहर आए और उसे तुरंत इलाज के लिए ले गए. मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज किया है.

उधर, शहर में कुत्तों के हमलों के बढ़ते मामलों ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता भी बढ़ा दी है. हुकुमचंद पॉली क्लिनिक (लाल अस्पताल) के प्रभारी डॉ. आशुतोष शर्मा का कहना है कि 1 मार्च से 15 मार्च के बीच केवल हमारे यहां ही कुत्तों के काटने के 2039 मरीज एंटी-रेबीज वैक्सीन के लिए पहुंचे हैं. प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग उपचार के लिए आ रहे हैं, जो स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है. डॉ. शर्मा का कहना है कि इनमें बच्चों की संख्या भी काफी है.

### डॉक्टर की सलाह : घाव को तुरंत साबुन से धोएं...

लाल अस्पताल के प्रभारी डॉ. आशुतोष शर्मा ने लोगों को सलाह दी है कि कुत्तों के काटने पर तुरंत घाव को साबुन-पानी से धोकर चिकित्सकीय उपचार लें और एंटी-रेबीज टीकाकरण समय पर करवाएं. डॉग बाइट के मामलों में लापरवाही जानलेवा भी हो सकती है. इसलिए समय पर उपचार कराना अनिवार्य है.

# मंडल अध्यक्ष लिखी कार में सवार युवक कर रहा था स्टंट

- बीजेपी से जुड़े युवा नेता की इंस्टाग्राम स्टोरी से सामने आया मामला
- ट्रैफिक नियमों की खुली अनदेखी

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में चलती कारों में स्टंट करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. अब एक बार फिर ऐसा ही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें मंडल अध्यक्ष लिखी कार में सवार युवक सड़क पर स्टंट करते और ट्रैफिक नियमों की खुलेआम अनदेखी करते नजर आ रहे हैं. वीडियो सामने आने के बाद पुलिस की कार्रवाई को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं.**



जानकारी के अनुसार, रोहित घाटे नाम के युवक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह वीडियो स्टोरी के रूप में साझा किया था, जो बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया. वीडियो में कार के अंदर और बाहर कई युवक दिखाई दे रहे हैं, जिनमें से कुछ युवक खिड़कियों से बाहर लटकते हुए स्टंट करते नजर आते हैं. वायरल वीडियो में बायपास क्षेत्र में कारों के साथ रैली जैसा माहौल भी दिखाई दे रहा है. चलती कार में इस तरह के खतरनाक स्टंट किए जाने से सड़क पर हादसे का खतरा भी बना रहा.

### पहले भी एक छात्र नेता का कार स्टंट का मामला आया सामने

गौरतलब है कि इससे पहले भी शहर में कार स्टंट का एक मामला सामने आ चुका है. पिछले हफ्ते खुद को सांसद प्रतिनिधि बताने वाले पंकज फतेहचंदानी के जन्मदिन पर छात्र नेता आयुष भार्गव कार रैली लेकर निकले थे. उस दौरान आयुष भार्गव का कार की छत पर खड़े होकर जुलूस निकालने का वीडियो वायरल हुआ था. मामले में जूनी इंदौर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उनका जुलूस भी निकाला था. बाद में उन्होंने थाने पहुंचकर माफी मांगी थी. अब नए वीडियो के सामने आने के बाद एक बार फिर पुलिस की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं.



## दाऊदी बोहरा समाज का मुस्लिम प्रबुद्धजनों के साथ रोजा इफ्तार

**इंदौर.** दाऊदी बोहरा समाज इंदौर ने रमज़ान के पवित्र महीने की भावना को आत्मसात करते हुए मुस्लिम प्रबुद्धजनों के लिए सैफी नगर में रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम आयोजित किया. यह जानकारी देते हुए समाज के इंदौर मीडिया प्रभारी मज़हर हुसैन सेठजी वाला व सदस्य बुरहानुद्दीन शकरुवाला ने बताया कि इस आयोजन ने भाईचारे और शांति का संदेश दिया. रोज़ा इफ्तार पार्टी में शहर काजी मोहम्मद इशरत अली, सी आई एस एफ डिप्टी कमांडेंट ज़ीशान आमीर, डॉ ज़ावेद नकवी, पत्रकार ज़ावेद भाई, सादिक खान आदि उपस्थित थे. समाज के इंदौर जनसंपर्क प्रभारी खुजेमा पेटी वाला ने बताया कि शहर काजी सहाब का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया.

इस अवसर पर शहर काजी ने कहा कि धर्मगुरु हिज होलिनेस सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन ने हमेशा सभी से परस्पर सद्भावना की शिक्षा दी है आपने सैयदना साहब के परोपकारी कार्यों और शांतिपूर्ण दृष्टिकोण की सराहना की और कहा इस तरह के आयोजन से आपसी प्रेम, समन्वय बढ़ता है. हम दाऊदी बोहरा समाज के दिल से आभारी है कि हमें हर मौके पर याद करते है। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन उपस्थित थे.

# शहर की आर्थिक प्रगति में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण




- इंदौर की जीडीपी डबल करने में महिलाओं की भूमिका पर की चर्चा
- महिला उद्यमियों से सांसद ने किया संवाद

**इंदौर. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला उद्यमियों के साथ एक विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में शहर की महिला उद्यमियों, प्रोफेशनल्स और स्टार्टअप से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया और इंदौर के आर्थिक विकास में अपनी भूमिका पर चर्चा की.**

कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी ने महिला उद्यमियों से सीधा संवाद किया। नारी शक्ति- समृद्ध इंदौर का संकल्प विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में इंदौर की जीडीपी डबल करने के अभियान और उसमें महिलाओं की भागीदारी पर विशेष चर्चा हुई. सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन से प्रेरित होकर इंदौर की जीडीपी डबल करने का अभियान शुरू किया गया है. मुख्यमंत्री मोहन यादव के मार्गदर्शन में इंदौर लगातार आगे बढ़ रहा है और शहर के विकास और आर्थिक प्रगति में महिलाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है और यह कार्यक्रम उसी दिशा में एक प्रयास है.

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों ने भाग लिया और विशेषज्ञों से अपने सवाल भी पूछे. इस आयोजन में सांसद प्रतिनिधि एवं एआईएमपी की श्रेष्ठा गोयल, फिक्की फ्लो की श्वेता अग्रवाल और आईएमए की चानी त्रिवेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

### विभिन्न विषयों पर दी जानकारी

कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने भी महिला उद्यमियों को अलग-अलग विषयों पर जानकारी दी. बैंक ऑफ इंडिया के लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर आशीष कटियार ने बताया कि बिजनेस के लिए बैंक लोन कैसे आसानी से प्राप्त किया जा सकता है. चार्टर्ड अकाउंटेंट सौरभ टोंगिया ने बताया कि किसी भी व्यवसाय को निवेश और फंड के लिए कैसे तैयार किया जाए. डीआईसी के जनरल मैनेजर स्वप्निल गर्ग ने महिला उद्यमियों के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। आलोक वाणी ने फाउंडर और सीईओ के लिए ब्रांड बिल्डिंग के महत्व पर अपने विचार रखे, वहीं डिजिटल मार्केटिंग एक्सपर्ट सलोनी सेठी ने इंटरनेट के माध्यम से व्यवसाय बढ़ाने के तरीके बताए.

## दरवाजा खटखटाकर नुकीले हथियार व पत्थर से हमला

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र के महालक्ष्मी नगर में देर रात घर का दरवाजा खटखटाकर विवाद करने के बाद कुछ युवकों ने तीन लोगों पर हमला कर दिया. आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए नुकीले हथियार और पत्थर से मारपीट की, जिससे तीन युवक घायल हो गए. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि सेक्टर-ए महालक्ष्मी नगर निवासी आयुषी शर्मा की शिकायत पर मामला दर्ज किया है. फरियादी ने पुलिस को बताया कि रात करीब 1.15 बजे अभिषेक भास्कर अपने साथियों के साथ उनके घर पहुंचा और दरवाजा खटखटाकर बाहर बुलाया. दरवाजा खोलने पर आरोपियों ने देर रात आवाज करने की बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया. इस दौरान फरियादी के भाई रितेश शर्मा, पति अभिषेक चौहान और ऋषि पांडे समझाने पहुंचे तो आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए हमला कर दिया.

### एक नजर में

## शब्द सगीत कार्यक्रम में कविता और संगीत का अनूठा संगम




**इंदौर.** म्यूजिकल पोएट्री शो शब्द संगीत कार्यक्रम ने साहित्य और संगीत प्रेमियों को एक अलग ही अनुभव से रूबरू कराया. कार्यक्रम में शब्दों और सुरों का ऐसा संगम देखने को मिला, जिसने उपस्थित दर्शकों को शुरुआत से अंत तक बांधे रखा. इस म्यूजिकल पोएट्री शो का आयोजन इंदौर में अलाप स्टूडियो में किया गया था, जहां साहित्य और संगीत प्रेमियों की अच्छी खासी उपस्थिति रही. मंच पर जैसे ही प्रभात पंचोली ने अपनी रचनाएं सुनाना शुरू किया, सृष्टि पाटीदार के हैंडपैन की धुनों से उन शब्दों को एक अलग ही गहराई दे दी. कविता, ग़ज़ल, कहानी और संगीत का यह संयोजन दर्शकों के लिए एक नया और यादगार अनुभव साबित हुआ. प्रभात पंचोली की प्रस्तुतियों में बालपन के प्रेम का अहसास, सामाजिक संवेदनाओं, मानवीय भावनाओं और जीवन के अनुभवों की झलक दिखाई दी. वहीं सृष्टि पाटीदार के हैंडपैन से निकलती मधुर धुनों ने हर रचना के भाव को और प्रभावी बना दिया. इस अनूठे प्रयोग ने इस क्षेत्र को एक नई दिशा दी है. जो अर्थपूर्ण भी है और रचनात्मक भी है. दर्शकों ने पूरे कार्यक्रम के दौरान कलाकारों की प्रस्तुति को खूब सराहा और कई बार तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया. म्यूजिकल पोएट्री शो के अंत में सभी ने इस तरह के और आयोजनों की उम्मीद जताई.

## बंगाली चौराहा क्षेत्र में साईं बाबा की पालकी का घर-घर पूजन



**इंदौर.** बंगाली चौराहा स्थित प्रीति नगर, सूरज नगर, देवपुरी, कैलाशपुरी, काशी नगर एवं आसपास की कॉलोनियों में सोमवार को सुबह भक्ति, भावना और श्रद्धा से भरपूर माहौल देखने को मिला जब केन्द्रीय साईं सेवा समिति के तत्वावधान में साईं बाबा की पालकी यात्रा एवं प्रभात फेरी पहुंची. शहर के 200 से अधिक साईं मंदिरो से जुड़े श्रद्धालु पिछले 13 दिनों से प्रतिदिन सुबह शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में साईं बाबा की पालकी और प्रभात फेरी निकालकर बाबा की भक्ति का अलख जगा रहे हैं. सोमवार को साईं भक्त मोहन पालीवाल के प्रीति नगर स्थित निवास पर सैकड़ों साईं भक्तों ने बाबा की पालकी का अभिषेक पूजन कर इस भव्य यात्रा का शुभारंभ किया तो समूचा क्षेत्र बाबा के जयघोष से गूंज उठा. श्री केन्द्रीय सांई सेवा समिति के अध्यक्ष गौतम पाठक, प्रदीप यादव, मोहन पालीवाल एवं पार्षद प्रणव मंडल ने बताया कि बंगाली चौराहा क्षेत्र में शायद ही कोई घर ऐसा बचा होगा जहाँ रंगोली, दीपों और पताकाओं से श्रृंगार नहीं किया गया हो. भजन गायक प्रदीप परमार और अक्षत शर्मा के भजनों की मनोहारी प्रस्तुतियों के बीच क्षेत्र के पार्षद प्रणव मंडल, अनिल गावडे, आलोक खादीवाला, समीर जोशी, मोहन पहलवान, दिलीप ठाकुर, आनंद गावडे, सुधीर जायसवाल, विनय महेश बोरसी, राजीव सूरी, संजय शर्मा आदि ने भोलेनाथ और राधा कृष्ण के श्रृंगार में सजकर आए कलाकारों के साथ नाचते-गाते हुए अपनी खुशियाँ व्यक्त की. पालकी यात्रा के साथ पिंकी भाटिया, ज्ञानेश्वर होल्कर, संतोष भुसारी, धीरज गोयल, संजय शर्मा, लक्की वर्मा, सुनील खंडागले, रवि राठोर, श्याम पाल, मुकेश शर्मा, दिलीप चावड़ा, तरुण केतके, रिंकू गौर, प्रतीक आमेरिया, निक्की चौधरी ने आरती में शामिल होकर क्षेत्र के रहवासियों को 26 मार्च को राम नवमी पर साईं भक्त ब्रह्मलीन विनिता पाठक की स्मृति में बड़ा गणपति से छत्रीबाग साईं मंदिर तक निकलने वाली साईंराम यात्रा का न्योता दिया. प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ.

## डॉ. अग्रवाल की उपलब्धि, शोध लेख प्रतिष्ठित जर्नल में प्रकाशित



**इंदौर.** डायबिटीज़, मोटापा, थायराइड एवं हार्मोन विशेषज्ञ डॉ राजेश अग्रवाल ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है. वे भारत में मधुमेह के अध्ययन के लिए अनुसंधान समिति भारत की सबसे बड़ी डायबिटीज़ विशेषज्ञों की संस्था के मध्यप्रदेश राज्य सचिव भी हैं. डॉ. राजेश अग्रवाल ने बताया कि उनका शोध लेख सबक्लिनिकल थायरॉइड विकारों में थाइरोट्रॉपिन विवाद प्रतिष्ठित जनरल जापीमें प्रकाशित हुआ है. इसमें बताया गया है कि इस सामान्य थायरॉइड समस्या में मरीज को कब उपचार देना जरूरी है और कब नहीं. इसके अलावा उनके चार शोध पत्र प्री डाइबिटीज टू बी ट्रीटेड आर नाट, आरटीफ़िशियल इंटेलिजेंस कैन नोट बी ह्यूमन, पॉइंट ऑफ़ केयर एवीसी, सेल्फ मॉनिटरिंग ऑफ़ ब्लड ग्लूकोस गुवाहाटी में आयोजित शोध संगोष्ठी में चर्चा के लिए चुने गए. डॉ. अग्रवाल की लिखी पुस्तक जिओ डाइबिटीज का आठवां संस्करण भी प्रकाशित हो चुका है और इसमें मधुमेह से जुड़ी जटिल वैज्ञानिक जानकारियों को सरल हिंदी में समझाया गया है.

## नव चेतना महिला संगठन का गणगौर मेला आज

**इंदौर.** नव चेतना महिला संगठन की मेजबानी में मंगलवार 17 मार्च को अपराह्न 4 बजे से भव्य गणगौर मेले का आयोजन स्नेह नगर स्थित अग्रसेन भवन पर अनेक शालीन और रंगारंग स्पर्धाओं के साथ होगा. संगठन की संस्थापक कांता ओम अग्रवाल, अध्यक्ष श्रीमती शशि एरन एवं सचिव कविता गोयल ने बताया कि मेले में सभी वैश्य बंधुओं को आमंत्रित किया गया है. कार्यक्रम संयोजक अरविन्द बागड़ी, राजेश कुंजीलाल गोयल एवं ओमप्रकाश एरन ने बताया कि वरिष्ठ समाजसेवी महेश मित्तल के मुख्य आतिथ्य में शैलेष गर्ग, अरविंद वेल्यूअर, गौरव अग्रवाल, दिनेश प्रिंस पचौर, पूर्व पार्षद शोभा गर्ग एवं इंदिरा सिंघल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे.

एक नजर में | अग्रवाल समाज की पहल पर जरूरतमंद परिवारों के 22 नवयुगलों को उपहारों सहित दी गई विदाई

# 22 दूल्हों ने मारे तोरण, आठवां फेरा लिया स्वच्छता के लिए

इंदौर. राजीव गांधी चौराहा स्थित शुभकारज गार्डन पर सोमवार को दिन भर 22 युगलों के सामूहिक विवाह का जश्न चलता रहा. मालवांचल के विभिन्न जिलों एवं कस्बों से आए इन युगलों ने सांझ ढलते ही जब क्रमवार खड़े होकर एक-दूसरे को वरमाला पहनाई और इसके पहले जब दूल्हों ने तोरण मारे तो समूचा विवाह स्थल शहनाई, वैदिक मंत्रों और बैंड-बाजों की सुर एवं स्वर लहरियों से गूंज उठा. इसके पूर्व सभी युगलों की सामूहिक शोभा यात्रा भी यातायात व्यवस्था को निर्बाध बनाए रखकर निकाली गई. नवयुगलों ने 8वां फेरा शहर को नौवीं बार स्वच्छता में अग्रणी बनाने में सहयोग करने के लिए लिया.



इंदौर महानगर अग्रवाल समाज की मेजबानी में विभिन्न समाजों के 22 युगलों के सामूहिक विवाह का यह संकल्प साकार होते देखने के लिए बड़ी संख्या में अग्रवाल एवं वैश्य समाज के बंधु उपस्थित थे. नवयुगलों ने आचार्य पं. संतोष शास्त्री के निर्देशन में सात की जगह आठ फेरे लेकर अपने इंदौर शहर को नौवीं बार भी स्वच्छता में अव्वल बनाने और अपने-अपने गांवों-कस्बों को भी साफ-सुथरा रखने की शपथ ली. इंदौर महानगर अग्रवाल समाज के तत्वावधान में 22 युगलों के सामूहिक विवाह की तैयारियां पिछले कई दिनों से चल रही थी. इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से संयोजक राजेश कुंजीलाल गोयल, नंदकिशोर कंदोई एवं अनिल अग्रवाल ने बताया कि बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने व्यवस्थाएं संभाली और मेहमानों की अगवानी की. शोभायात्रा के विवाह स्थल पहुंचने के बाद 22 तोरण, 22 लग्नवेदी, 22 मंडप एवं 22 पंडितों की व्यवस्था के अनुरूप दूल्हों ने सबसे पहले तोरण मारे, फिर गोधूलि बेला में विद्वान पंडितों ने अग्नि की साक्षी में वैदिक पद्धति से मंत्रोच्चारण कर सात फेरे संपन्न कराए. आठवां फेरा सामाजिक सरोकार के लिए भी लिया गया.

### उपहार देकर किया विदा

इस अवसर पर समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, दिनेश मित्तल, सुनील-डॉ. दिव्या गुप्ता, मनीष खजांची, रमेश गुप्ता पीठेवाले, महेश मित्तल, अरविन्द वेल्यूअर, महेश अग्रवाल निरमा, गयाप्रसाद तायल, नंदकिशोर गायत्रीदेवी अग्रवाल, विनोद सिंघानिया, राजेंद्र गोयल शिवशक्ति, राजेन्द्र समर्पण, कांता-ओम अग्रवाल, सुरेश-डॉ संध्या गुप्ता, गोविंद मंगल, के.के. गोयल कांट्रेक्टर, वर्षा बंसल की मौजूदगी में विवाह की सभी रस्में सौल्लास एवं निर्विघ्न सम्पन्न हुई. नवयुगलों को आशीर्वाद समारोह में समाजसेवी बंधुओं के सौजन्य से गृहस्थी चलाने योग्य उपहार भी विदाई बेला में भेंट किए गए. कार्यक्रम के सूत्रधार राजेश कुंजीलाल गोयल ने बताया कि वरिष्ठ समाजसेवी ब्रह्मलीन कुंजीलाल गोयल एवं स्व. रमेशचंद्र अग्रवाल ने बरसों पहले कन्यादान-महादान का आव्हान किया था. समाजसेवी एवं वैश्य कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल की प्रेरणा से यह समूचा आयोजन सौल्लास संपन्न हुआ.

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
**(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**
IDFC FIRST Bank
**(CIN-L65110TN2014PLC097792)**
**रजिस्टर्ड ऑफिस :** केआरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
**फोन :** +91 44 4564 4000, **फैक्स :** +91 44 4564 4022

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना**

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| क्र. सं. | लोन एकाउंट नं. | लोन का प्रकार | सेक्शन 13 (2) नोटिस तिथि | सेक्शन 13 (2) नोटिस अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 117929563 | संपत्ति के विरुद्ध ऋण | 4-2-2026 | रु.8,19,659.24/- |

**देनदार और सह-देनदारों का नाम :-** 1. अजय प्रजापति 2. अनीता बाई, 3. राजेश कुमार

**संपत्ति का पता :** हाउस नंबर 136 का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, पुराना हाउस नंबर 01, कुल प्लॉट एरिया 2361 वर्गफीट सर्वे नंबर 107, पुराने हाउस नंबर 110, नए पीएच नंबर 59 (सरल नंबर 2573), वार्ड नंबर पर 13 स्थित है., गांव उपाड़ी, एयरटेल टॉवर के पास, तहसील तराना, जिला उज्जैन मध्य प्रदेश-456770, और इसकी सीमा- पूरब- देवकरण प्रजापत का घर, पश्चिम- लोकल रोड, उत्तर- लोकल रोड, दक्षिण- भागीरथ प्रजापत का घर.

| क्र. सं. | लोन एकाउंट नं. | लोन का प्रकार | सेक्शन 13 (2) नोटिस तिथि | सेक्शन 13 (2) नोटिस अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 2. | 117462993 | होम लोन | 07.03.2026 | रु.2,45,793.72/- |

**देनदार और सह-देनदारों का नाम :-** 1. दातार सिंह पंवार 2. श्याम कुमार

**संपत्ति का पता :** मकान नंबर 212 का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, कुल एरिया 30×20 = 600 वर्गफीट, पीएच नं. 02 पर स्थित, लैंड सर्वे नंबर 403, ग्राम और ग्राम पंचायत टुटियाखेड़ी, वार्ड नंबर।08, तहसील नागदा, जिला उज्जैन, मध्य प्रदेश-456440, और इसकी सीमा- पूरब- लोकेंद्र सिंह का घर, पश्चिम- चोराहा रोड, उत्तर- गली रास्ता, दक्षिण- मुकेश सेन.

| क्र. सं. | लोन एकाउंट नं. | लोन का प्रकार | सेक्शन 13 (2) नोटिस तिथि | सेक्शन 13 (2) नोटिस अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 3. | 62103374 | संपत्ति के विरुद्ध ऋण | 26.02.2026 | रु.3,46,022.49/- |

**देनदार और सह-देनदारों का नाम :-** 1. जितेंद्र सिंह 2. अंशु कंवर

**संपत्ति का पता :** वह सारा टुकड़ा और पार्सल संपत्ति/प्लॉट क्षेत्र 50 × 45 = 2250 वर्ग फुट (मकान संख्या 22), भूमि सर्वेक्षण संख्या 70 पर स्थित, ग्राम मात्रा, पीएच नंबर 41, वार्ड संख्या।11, तहसील नागदा, जिला उज्जैन, मध्य प्रदेश-456221 और इसकी सीमा- पूरब- भगवान सिंह की अपनी ज़मीन, पश्चिम- नाला और प्रहलाद सिंह का घर, उत्तर- रोड, दक्षिण- शेर सिंह की अपनी ज़मीन.

| क्र. सं. | लोन एकाउंट नं. | लोन का प्रकार | सेक्शन 13 (2) नोटिस तिथि | सेक्शन 13 (2) नोटिस अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 4. | 109513407 | संपत्ति के विरुद्ध ऋण | 03.03.2026 | रु.5,90,978.46/- |

**देनदार और सह-देनदारों का नाम :-** 1. कमल सिंह गुर्जर 2. मगन बाई

**संपत्ति का पता :** ऑल दैट मकान नंबर 70 का टुकड़ा और पार्सल, कुल क्षेत्रफल 1755 वर्ग फीट या 163.03 वर्ग मीटर, आबादी सर्वे नंबर 861, पी.एच. नंबर 13, गांव मोकाडी, तहसील खाचरोद, जिला उज्जैन, मध्य प्रदेश-456224,पर स्थित और इसकी सीमा- पूरब- पवन सिंह गुर्जर का घर, पश्चिम- आम रास्ता, दक्षिण- राम सिंह गुर्जर का घर, उत्तर- आम रास्ता.

| क्र. सं. | लोन एकाउंट नं. | लोन का प्रकार | सेक्शन 13 (2) नोटिस तिथि | सेक्शन 13 (2) नोटिस अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 5. | 32263488 | संपत्ति के विरुद्ध ऋण | 14.02.2026 | रु.1,38,670.93/- |

**देनदार और सह-देनदारों का नाम :-** 1. संजय डाबी 2. कविता संजय 3. प्रेम नारायण

**संपत्ति का पता :** बने हुए मकान नंबर 395, पीएच नं. पुराना नंबर 51, नया नंबर 64, साइज़ 91.00 वर्ग मीटर सर्वे नंबर 225/1/1/2 का पूरा हिस्सा, जो बरलाई जागीर गांव, तहसील सांवेर, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश में है, और यह प्रॉपर्टी इन इलाकों से घिरी हुई है- उत्तर- कल्याण, दक्षिण- रास्ता, पूर्व- रामचरण, पश्चिम- रास्ता

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है). इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

**एसडी /-**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
**(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**

**दिनांक :** 17.3.2026
**स्थान :** मध्यप्रदेश